उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

संख्याः पीआरपीबी—चार—4(1)—मृ0आ0(SIC-03)/2024 दिनांकः अप्रैल 29 ,2025

सूचना/विज्ञप्ति

सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक/लेखा) के पद पर सेवायोजन तथा समूह 'घ' से पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति हेतु टंकण या/एवं हिन्दी आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के सम्बन्ध में।

पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक/लेखा) के पद पर मृतक आश्रित के अन्तर्गत सेवायोजन तथा समूह 'घ' से पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति हेतु पात्र अभ्यर्थियों, जिसकी सूची बोर्ड की समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांक 16.04.2025 एवं विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी—चार—10(39)/2024 दिनांक 16.04.2025 द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गयी है, की टंकण या/एवं हिन्दी आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा दिनांक 13.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे से परीक्षा केन्द्र Excellence Infotec, In Campus of Rajat Women's College of Education & Management, Ayodhya Raod, Kamta, Lucknow-226028 पर आयोजित की जायेगी। टंकण या/एवं हिन्दी आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा हेतु समस्त अभ्यर्थियों/कार्मिकों को प्रातः 09:30 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

2— सूचित किया जाता है कि समस्त पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर दिनांक 01.05.2024 को सायं 04:00 बजे से उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर क्लिक कर पूर्व प्रदर्शित सूची के अनुसार विवरण (अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि) अंकित कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर संबंधित प्रस्तावक/नियुक्ति जनपद/इकाई के कार्यालयाध्यक्ष/सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर फोटोग्राफ को समुहर सत्यापित कराकर निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र में दिये गये परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेन्स आदि के साथ परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे।

3— अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का भली भाँति अध्ययन कर उनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। यह भी सूच्य है कि टंकण या/एवं आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा के लिये निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित हो जाने वाले अभ्यर्थी दूसरे अवसर के पात्र नहीं होंगे।

4— अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ का अवलोकन करते रहें।

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।